Std-3 (Hindi Lang)

## काल

1. काल की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

उत्तर:- क्रिया के जिस रूप से उसके करने या होने का समय ज्ञात हो, उस समय को काल कहते हैं।

जैसे :- माली आ रहा है।

माली आ रहा था।

माली आएगा।

2. काल के भेदों के नाम परिभाषा सहित लिखें।

उत्तर:- काल के तीन भेद होते हैं–

१.भूतकाल

२.वर्तमान काल

३. भविष्यत काल

भूतकाल:- क्रिया का वह रूप जो बीते हुए समय में होने वाले कार्य के बारे में बताए ,उसे भूतकाल कहते हैं।

जैसे–माँ ने कपड़े धोए थे।

वर्तमान काल:- क्रिया का वह रूप जो अभी हो रहे कार्य के बारे में बताए, उसे वर्तमान काल कहते हैं।

जैसे–बालक पढ़ रहा है।

भविष्यत काल:- क्रिया का वह रूप जो आने वाले समय में पूरा होने वाले कार्य के बारे में बताए, उसे भविष्यत काल कहते हैं।

जैसे–हम लोग विद्‌यालय जायेंगे।

★ नीचे लिखे वाक्यों के सामने उसके काल का नाम लिखिए:-

१. वर्षा होगी। :- भविष्यत काल

२. दिनेश फूल तोड़ रहा है। :- वर्तमान काल

३. दिव्या नदी में तैर रही थी। :- भूतकाल

४. बच्चे गेंद से खेलेंगे। :- भविष्यत काल

५. कपड़े किसने धोए थे? :- भूतकाल

६. मैं खाना खा रहा हूँ। :- वर्तमान काल

७.  मेरे पिताजी मुंबई जाएँगे। :-  भविष्यत काल

८. लड़कियाँ गा रही थीं। :- भूतकाल

९.हमलोग घूमने जाएँगे। :- भविष्यत काल

10. मैं पढ़ रहा हूँ। :- वर्तमान काल